हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 6 दिसंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4
खाद्य प्रसंस्करण हब बनने की ओर जशपुर



## खबर संक्षेप

### जिले के युवाओं के लिए स्किल कैम्प आज से

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत रोजगार से जुड़ने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिले के सभी विकासखंडों में स्किल कैम्प आयोजित किए जाएंगे। जिनमें युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण, निःशुल्क आवासीय सुविधा तथा प्रशिक्षण उपरान्त 10,000 से 15,000 रुपये प्रतिमाह तक रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। कैम्पों में फायर फाइटर, ट्रैवल कंसलटेंट, लैब तकनीशियन, एनिमेटर (कंप्यूटर प्रशिक्षण), कस्टमर केयर सीनियर एक्जीक्यूटिव (कॉल सेंटर), सिक्यूरिटी गार्ड सहित कई रोजगारपरक ट्रेडो में पंजीयन किया जा सकेगा। सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण जशपुर ने बताया कि जिले के सभी विकासखंडों में आयोजित होने वाले इन स्किल कैम्पों का समय दोपहर 12 बजे निर्धारित किया गया है। मनोरा विकासखंड में 6 दिसम्बर को सीईओ जनपद हॉल में स्किल कैम्प आयोजित होगा। इसी प्रकार 8 दिसम्बर को दुलदुला विकासखंड में सीईओ जनपद हॉल में कैम्प होगा। कुनकुरी विकासखंड में 10 दिसम्बर को सीईओ जनपद हॉल में स्किल कैम्प रखा गया है। इसी क्रम में फरसाबहार में 12 दिसम्बर को, कांसाबेल में 15 दिसम्बर को, बगीचा में 17 दिसम्बर को एवं पत्थलगांव में 19 दिसंबर 2025 को सीईओ जनपद हॉल में स्किल कैम्प आयोजित किए जाएंगे। योजना के तहत सभी बेरोजगार युवक-युवतियों से अपील की गई है कि वे अपने विकासखंड में निर्धारित तिथि को स्किल कैम्प में उपस्थित होकर पंजीयन करवाएँ और इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7697584747 पर संपर्क किया जा सकता है।

### दिव्यांगजन को प्रदान की गई ट्राई सायकल



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के साथ-साथ असहाय, पीड़ित और जरूरतमंद व्यक्तियों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के संकल्प के साथ निरंतर सक्रिय है ताकि, समाज के हर वर्ग को न्याय, राहत और विकास का लाभ मिल सके। इसी क्रम में आज ग्राम पाकरगांव, तहसील पत्थलगांव के दो दिव्यांगजन श्री नंदलाल और श्री विनीत राम अपनी शारीरिक असमर्थता से जुड़ी परेशानियां लेकर कैंप कार्यालय पहुंचे। दोनों ने आवेदन देकर बताया कि चलने-फिरने में असमर्थ होने के कारण उन्हें अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं। साथ ही उन्होंने ट्राई सायकल प्रदान करने की मांग की।

## दो ट्रक व एक पिकअप जब्त, कीमत 5 लाख से अधिक

# जशपुर पुलिस ने फिर पकड़ा 238 क्विंटल अवैध धान







हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सरहदी राज्यों से हो रही अवैध धान तस्करी पर जशपुर पुलिस ने एक और बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया है। गुरुवार देर रात तक चली कार्रवाई में पुलिस ने दो ट्रकों और एक पिकअप वाहन से कुल 238 क्विंटल, 520 बोरी धान बरामद किया है। बरामद धान की बाजार कीमत लगभग 5 लाख 1हजार 4 सौ रु. आंकी गई है। पिछले कुछ दिनों में पुलिस द्वारा 800 क्विंटल से अधिक अवैध धान पकड़े जाने के बाद अब यह ताजा कार्रवाई कोचियों के लिए करारा झटका मानी जा रही है।

■ लगातार पकड़ से कोचियों में हड़कंप

मुखबिर की सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस ने रात में पेट्रोलिंग के दौरान बरटोली मार्ग से एक संदिग्ध ट्रक जेएच 07- एल-4320 को रोका। ड्राइवर सुखदेव चौहान उम्र 35 वर्ष, निवासी जोरातराई, कुनकुरी धान को बरटोली से कुनकुरी ले जाने की बात तो कहता रहा, परंतु कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस ने तुरंत ट्रक और धान दोनों जप्त कर लिए।

### कुनकुरी पुलिस ने किया 100 क्विंटल अवैध धान बरामद

इसी दौरान कुनकुरी थाना पुलिस ने भी एक दूसरा संदिग्ध ट्रक सीजी 14 एमआर-6997 पकड़ा। ट्रक में 250 बोरी ,100 क्विंटल धान मिला। ड्राइवर जमीर अंसारी उम्र 21 वर्ष, निवासी लोहरदगा झारखंड, धान को जशपुर से लाने की बात तो कर रहा था, लेकिन पुलिस को संदेह है कि धान झारखंड राज्य से लाया जा रहा था। पूछताछ में यह चालक भी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। दोनों ट्रकों से बरामद कुल 450 बोरी धान जिला प्रशासन को आगे की कार्रवाई हेतु सौंप दिया गया है।

### ओडिशा से लाया जा रहा था 38 क्विंटल धान

चौकी कोल्हेनझरिया पुलिस ने उड़ीसा की सीमा से ग्रामीण रास्तों का उपयोग कर छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर रही एक पिकअप सीजी 13-एएफ-1379 को पकड़ा।वाहन में 70 बोरी, 38 क्विंटल धान लदा हुआ था।यह वाहन भी बिना किसी दस्तावेज के धान परिवहन कर रहा था।इसे भी जब्त कर धान सहित जिला प्रशासन को सौंप दिया गया।

### पुलिस की सतर्कता से तस्करों में मचा हड़कंप

एक ही दिन में जशपुर पुलिस ने दो ट्रकों और एक पिकअप से कुल 520 बोरी में 238 क्विंटल धान जब्त कर बड़ी सफलता हासिल की है। जिससे धान के कोच्चियोंवम तस्करों में हड़कंप मच है।

### कार्रवाई लगातार जारी रहेगी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि जशपुर पुलिस दीगर राज्यों से होने वाली अवैध धान तस्करी पर पूरी तरह सजग है। उन्होंने कहा कि पुलिस की टीमों ने जशपुर, कुनकुरी और कोल्हेनझरिया क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ाई है। अवैध धान ढोने वाले वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# शराब दुकान के अवैध अहाते खुलने से लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव



रायगढ़ रोड़ में सरकारी शराब दुकान आने के बाद अब स्थानीय नागरिकों की परेशानी काफी बढ़ गयी है। दिन भर शराब दुकान के आस-पास शराबियों की लगने वाली भीड़ के कारण मोहल्ले की महिलाओं को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। उसके अलावा शराब दुकान के जगह-जगह खुले अहाते से भी स्थानीय नागरिक परेशान हो रहे हैं।

■ ग्रामीण क्षेत्रों में बिक रही अवैध शराब, आबकारी विभाग पड़ा सुस्त

रायगढ़ रोड में रहने वाले पी. के. अग्रवाल ने बताया कि शराब दुकान खुलने से पूर्व इस मार्ग का वातावरण काफी खुशनुमा हुआ करता था। शहर के लोग सुबह शाम टहलने के लिए इस मार्ग का चयन करते थे। इस मार्ग में आगे जाकर पर्यावरण को सरंक्षित करता नंदनझरिया का उद्यान भी स्थित है, जिसके कारण लोग अपनी सेहत बनाने के साथ साथ समय बिताने के लिए रायगढ रोड का चयन करते थे, परंतु जब से सरकारी शराब दुकान इस मार्ग मे खुली है, तब से शहर के अलावा मोहल्ले के लोगों का इस मार्ग में आना जाना मुश्किल हो गया है। संतोषी मंदिर के पास से घाट तक तक 20 से भी अधिक शराब दुकान के अहाते खुल गये है, जिसमे हर समय मांस मदिरा का सेवन के साथ शराबियों की नोकझोक आम बात हो चुकी है। मोहल्ले के लोग आहते खुलने के कारण काफी परेशान है। लेकिन इस ओर प्रशासन का कोई ध्यान नही है

स्थानीय नागरिक अंकुर गोयल ने भी रायगढ़ रोड के दुषित होते वातावरण पर चिंता जाहिर की है। उनका कहना था कि शराब दुकान के खुलने के कारण जहां इस मार्ग का वातावरण पुरी तरह खराब हो चुका है वहीं हर सप्ताह यहां शराबियों की वाहन से किसी न किसी बेकसुर को हाथ पांव तुड़वाने पड़ रहे है। उन्होंने बताया कि शराब का सेवन करने के बाद युवक बेहद तेज गति से वाहन चलाते है, अनेक बार उनका नियंत्रण अपनी वाहन से हट जाता है, जिसके बाद वे राह चलते लोगों को दुर्घटनाग्रसित करते है। उन्होंने बताया कि पिछले छह महीने के अंतराल मे बीस से भी अधिक दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है, जिसका खामियाजा मोहल्ले के नागरिक उठा रहे है।

### बिक रही अवैध शराब

पत्थलगांव नगर के अंदरूनी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में शराब घर-घर अवैध रूप से बेची जा रही है जिसको लेकर आबकारी विभाग के कर्मचारी अधिकारी के द्वारा इक्का दुक्का कार्रवाई कर खाना पूर्ति करते नजर आते हैं वहीं वर्षों से अवैध शराब का काम करने वाले लोग बड़े मजे से अवैध शराब बेच रहे हैं ।ग्रामीण क्षेत्र के सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार आबकारी विभाग के कई सालों से पदस्थ कुछ अधिकारी कर्मचारी से अवैध शराब विक्रेताओं के मधुर संबंध है जिसके कारण कुछ अवैध शराब को पकड़कर कार्यवाही कर खाना पूर्ति की जाती है।

### की जाएगी कार्रवाई

जशपुर आबकारी अधिकारी महिमा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अवैध आहाता पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र में बिक रही अवैध शराब पर लगाम लगाने की बात कही गई।

## तस्करी में प्रयुक्त पिकअप वाहन भी जब्त, मामला

# गौ–तस्करी का फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे





**जशपुरनगर।** जशपुर पुलिस ने गौ–तस्करी पर नकेल कसने चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन अंकुश के तहत एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अक्टूबर माह से फरार चल रहा मुख्य आरोपी शिवचरण यादव, निवासी ग्राम कडारी जिला जांजगीर-चांपा, पुलिस की पकड़ में आ गया। आरोपी के कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त पिकअप वाहन सीजी 11-बीक्यू-5873 भी जब्त किया गया है।इस मामले में पुलिस पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार तकनीकी एवं मुखबिर तंत्र के सहारे जुटी हुई थी।

15 अक्टूबर की रात कोतबा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद पिकअप में भारी मात्रा में गौ–वंशों को भरकर लैलूंगा–तुमला रोड की ओर से झारखंड ले जाया जा रहा है। सूचना पर दोकड़ा पुलिस ने ग्राम ऊपरघीचा में नाकाबंदी की।इसी दौरान एक संदिग्ध पिकअप आता दिखा। पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की, मगर वाहन चालक पुलिस को देखकर तेज़ी से भाग निकला। पीछा करने पर कटंगखार के पास एक बोलेरो गाड़ी ने पुलिस की गाड़ी को बीच रास्ते रोक कर पिकअप को भागने का मौका दे दिया। पुलिस ने बोलेरो सीजी 13-यूएच-6089 को रोका, जिसमें जगदीश सिदार, सौरभ रवानी और दिलीप सिदार बैठे मिले। गहन पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि पिकअप में भरे 8 गौ–वंश जांजगीर से लाकर कटंगखार तक पहुंचाने की व्यवस्था उन्हीं की थी।

### जंगल से 8 गौ–वंश बरामद

आरोपियों की निशानदेही पर कटंगखार जंगल में सर्च अभियान चलाया गया, जहाँ से 8 गौ–वंश सुरक्षित बरामद हुए। पुलिस को वहीं पशुओं की देख–रेख कर रहा आरोपी लोचन सिदार भी मिला, जिसे हिरासत में ले लिया गया। मामले की जांच में पिकअप चालक और मुख्य तस्कर शिवचरण यादव की पहचान हो गई थी, जो मौके से फरार हो गया था।

### जांजगीर चांपा में दबिश

मुखबिर तंत्र के सक्रिय होने और तकनीकी इनपुट के बाद पुलिस को पता चला कि शिवचरण अपने गृह ग्राम कडारी में ही छिपा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर टीम जांजगीर रवाना की गई। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को उसके घर से पकड़ लिया। उसके पास से पिकअप वाहन भी बरामद किया गया।

### इन धाराओं में दर्ज हुआ अपराध

आरोपियों पर छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(क), (घ) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।साक्ष्य मजबूत पाए जाने पर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सड्डू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२ , 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति ऍम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## जशपुर जिले में शतरंज प्रतियोगिता प्रारंभ

# पहले चरण में 189 विद्यालयों के 3150 विद्यार्थी हुए शामिल



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत कलेक्टर रोहित व्यास और सीईओ अभिषेक कुमार के निर्देश पर विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने, खेल भावनाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिले के हाई और हायर सेकंडरी विद्यालयों में दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित हुई। शतरंज के खेल को बढ़ावा देने के लिए कलेक्टर रोहित व्यास के द्वारा प्रारंभ की गई चेकमेट एट जशपुर कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में यह प्रतियोगिता आयोजित हो रही है।

### 10 दिसंबर को पत्थलगांव में प्रतियोगिता होगी आयोजित

पत्थलगांव एसडीएम ऋतुराज सिंह बिसेन जिला स्तरीय प्रतियोगिता पथलगाँव के आयोजन समिति के अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। इनके मार्गदर्शन में 10 दिसंबर को पत्थलगांव में भव्य रूप से जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होनी है।

### जिले की सभी शासकीय, अर्धशासकीय एवं निजी स्कूलों में आयोजित

जशपुर एसडीएम विश्वासराव मस्के जिले के आयोजन समिति के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में चल रही यह प्रतियोगिता सभी शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त हाई तथा हायर सेकेंडरी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित हो रही है। प्रतियोगिता तीन चरणों में विद्यालय स्तर, विकासखंड स्तर और जिला स्तर पर आयोजित होनी है।

### जिले के189 स्कूलों के 3150 विद्यार्थी हो रहे सम्मिलित

विद्यालय स्तर पर 4 दिसंबर से प्रारंभ हुई प्रतियोगिता में दो दिनों में 189 विद्यालयों के 3150 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। इन नॉकआउट प्रतियोगिताओं का फाइनल मैच सभी विद्यालयों में आज खेला गया। विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को विद्यालय में पुरस्कृत भी किया जाएगा। अगले चरण में विद्यार्थी विकासखंड स्तर पर मुकाबला करेंगे, विकासखंड स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 6 दिसंबर से आयोजित होगी।विकासखंड स्तर पर विजेता, उपविजेता और क्वार्टर फाइनल खेलने वाले विद्यार्थी 10 दिसंबर को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।



Presented by :
SANKATMOCHAN
INFRAESTATE
भव्य मंदिर
क्लब हाउस व स्वीमिंग पुल
CLUB HOUSE
बच्चों के खेलने के लिए गार्डन
सांवरिया
ग्रीन सिटी
सेंदरी मोपका बाईपास, बिलासपुर
अपनी जमीन, अपना भविष्य
सेंदरी मोपका में
आज ही निवेश करें।
SAWARIYA GREEN CITY
APPROVED
RERA
APPROVED
प्रोजेक्ट की खास बातें
मेगा टाउनशिप
एरोबिक्स योगा रुम
इलेक्ट्रिसिटी
24/7 सिक्योरिटी
थीम वाली लैंडस्केपिंग
इनडोर गेम्स
वाटर सप्लाई
गेटेड कम्युनिटी
फिटनेस के लिए इक्विपैड जिम
वर्ल्ड-क्लास सुविधाएं
वाइड रोड्स
सीसीटीवी कैमरा
J.J.Ad
लोकेशन इतनी खास... आप रहें हर सुविधा के पास...
SCHOOL
कृष्णा पब्लिक स्कूल मात्र 2.9 कि.मी. दूरी पर
अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी मात्र 1.7 कि.मी. दूरी पर
राज्य मानसिक अस्पताल मात्र 2.5 कि.मी. दूरी पर
COLLEGE
सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज मात्र 1.7 कि.मी. दूरी पर
गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी मात्र 2.5 कि.मी. दूरी पर
प्रस्तावित कैंसर अस्पताल मात्र 2.7 कि.मी. दूरी पर
अचीवर्स पब्लिक स्कूल मात्र 1.0 कि.मी. दूरी पर
सरकारी आईटीआई 2.5 कि.मी. दूरी पर
आफिस एड्रेस : प्रथम तल, एफ-13 सागर गोल्डन स्क्वायर मंगला चौक, बिलासपुर
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 8519009100
ASSOCIATED FIRM'S:-
DADURAM TRADERS
SHRI MAHALAXMI ASSOCIATE

## खबर संक्षेप

### बतरा धान खरीदी केंद्र में केबिनेट मंत्री ने कराया हैंडपंप खनन



**बिश्रामपुर।** धान उपार्जन केंद्र बतरा में किसानों को हो रही पेयजल समस्या की खबर हरिभूमि में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किए जाने के बाद क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किसानों के हित में हैडपंप खनन कार्य कराकर पेयजल समस्या से राहत दिला दी है,गौरतलब है कि धान खरीदी केंद्र बतरा में किसानों व स्थानीय कर्मचारियों को लंबे से समय से पेयजल संकट की स्थिति से गुजरना पड़ रहा था,इसी तारतम्य में पिछले दिनों जनपद सदस्य कान्ती देवी सिंह मार्को, सरपंच मंजू महेश पैकरा सुदामानगर, सरपंच भगवती शिवशरण पैकरा करसू सरपंच, बसंत सिंह राजकिशोरनगर सरपंच, छोटेलाल सिंह पैकरा सोनपुर,भाजपा नेता महेन्द्र सिंह मार्को ने उपार्जन केन्द्र में पेयजल व्यस्था हेतु पत्र मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को सौंपा था,जिसका हरिभूमि द्वारा प्रमुखता के साथ समाचार प्रकाशित किया गया था,तत्पश्चात मामले में संज्ञान लेते हुए मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किसानों व आमजन की सुविधा के मद्देनजर हैडपंप खनन कार्य करा दिया है,जिससे अब स्थानीय लोगों को पेयजल संकट की स्थिति से राहत मिल गई है,बता दें कि धान खरीदी केन्द्र बतरा में 17 ग्राम पंचायत के बड़ी संख्या में किसान अपना धान विक्रय करने यहाँ पहुँचते हैं।

### सर्व रविदास समाज के कार्यकारी अध्यक्ष बने बिपता राम



**राजपुर।** छत्तीसगढ़ सर्व रविदास समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. केएल टांडेकर ने विकासखंड के ग्राम कर्रा निवासी बिपता राम रवि को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। समाज, संगठन के विस्तार व सशक्तिकरण की दिशा में पहल करते हुए यह नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बिपता राम रवि ने इस दायित्व के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के उत्थान, शिक्षा, स्वाभिमान और एकजुटता को बढ़ावा देना उनका प्राथमिक लक्ष्य रहेगा। उन्होंने कहा कि वे प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में संगठन के हर सदस्य को साथ लेकर समाज के विकास के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। प्रदेशभर से समाज के लोगों ने श्री रवि को इस जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी है।

### विधायक के प्रयासों से नपं और कृषि महाविद्यालय भवन निर्माण को मिली स्वीकृति



**प्रतापपुर।** विधानसभा के लंबे समय से लंबित प्रमुख निर्माण कार्यों को राज्य सरकार ने हरी झंडी दे दी है। यह स्वीकृति विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के प्रयासों का परिणाम मानी जा रही हैं। नगर पंचायत प्रतापपुर में 12 बड़े निर्माण कार्यों के लिए 204.39 लाख रुपये की अंतिम स्वीकृति जारी की गई है, वहीं कृषि महाविद्यालय भवन एवं छात्रावास निर्माण के लिए भी विश्वविद्यालय द्वारा निविदाएं आमंत्रित कर दी गई हैं। नगर पंचायत प्रतापपुर 12 निर्माण कार्यों को 204.39 लाख की अंतिम मंजूरी नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार पहले दी गई 250 लाख की प्राविधिक स्वीकृति के बाद अब 12 प्रमुख कार्यों को अंतिम रूप से मंजूरी मिल गई है। जिसमें राजमोहनी देवी चौक 9.94 लाख, भीमराव अंबेडकर चौक 14.95 लाख, भारत माता चौक 12.48 लाख, त्रयंबक शरण सिंह चौक 9.96 लाख, मिनी स्टेडियम हाईमास्ट 49.99 लाख, तालाब सौंदर्यीकरण 27.50 लाख, डोम शेड, पार्क रोड टाइल्स, रैन बसेरा क्षेत्र विकास सहित अन्य कार्य शामिल है। इसके अलावा कृषि महाविद्यालय भवन और छात्रावास निर्माण के लिए निविदा जारी की गई है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर ने प्रतापपुर में कृषि महाविद्यालय 889.53 लाख तथा छात्रावास 602.10 लाख भवन निर्माण हेतु निविदा जारी कर दी है। निर्माण पूरा होने पर प्रतापपुर शिक्षा और कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में तेजी से उभरेगा।

# अमृत भारत स्टेशन अभियान के तहत बिश्रामपुर गुड शेड एवं प्लेटफार्म को किया जा रहा अपग्रेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- 12 करोड़ रुपये की लागत से रैक पॉइंट प्लेटफार्म की पिचिंग, एप्रोच सड़क का निर्माण, विल्ड स्क्रीन की स्थापना समेत अन्य निर्माण कार्य जारी



सरगुजा संभाग के एकमात्र रेलवे गुड शेड बिश्रामपुर को अपग्रेड करने का कार्य पिछले छह माह से तीव्र गति से चल रहा है,लदान में फोकस और माल भाड़ा राजस्व बढ़ाने रेलवे लगातार प्रयास कर रही है। इसके लिए उपभोक्ताओ को सुविधा देने रेलवे नित्य नए प्रयास कर रहा है ताकि अधिक से अधिक व्यवसाई रेल से जुड़े ताकि राजस्व में बढ़ोतरी हो। इसी क्रम में बिश्रामपुर में छह दशक से भी पुराना रेलवे रैक प्वाइंट जो आजादी के बाद से अब तक पूरी तरह उपेक्षित पड़ा हुआ था वहां करीब बारह करोड़ रुपये की लागत से रेलवे रैक प्वाइंट प्लेटफार्म की पिचिंग सहित एप्रोच सड़क का निर्माण, विल्ड स्क्रीन की स्थापना का कार्य शीघ्रता से चल रहा है।

गौरतलब है कि संभाग का इकलौता गुड शेड रैक प्वाइंट बिश्रामपुर में स्थित है,जहां एफसीआई,वेयर हाउस,मार्कफेड फेडरेशन के खाद्यान्न चावल,गेहूं,चीनी, नमक उर्वरक,सहित निजी पार्टियों के सीमेंट,बारदाना सहित अन्य सामानों को रैक के जरिए मंगाया और मांग के अनुरूप दूसरे प्रांतों में भेजा जाता है,महीने में 25 से 30 रैक यहां लगती है,हर माह 8 से 10 करोड़ रुपये का राजस्व देने वाला बिश्रामपुर गुड शेड अब तक उपेक्षित था,लेकिन अब सरकार का ध्यान स्टेशनों को विकसित करने में आय के संसाधनों को बढ़ाने के अमृत भारत स्टेशन अभियान में बिश्रामपुर गुड शेड को अपग्रेड करने 12 करोड़ के लागत से कार्य जारी है।

## स्टेशन प्लेटफार्म और गुडशेड में लग रहे उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे

बिश्रामपुर स्टेशन और गुड शेड परिसर को सीसी टीवी से लैस किया जा रहा है जिसकी स्थापना का कार्य भी जारी है।सीसीटीवी कैमरे लगने से से पूरा स्टेशन प्लेटफार्म सहित स्टेशन का पूरा एरिया सीसीटीवी के दायरे में आ गया है जिसे गुड शेड परिसर में भी लगाया जा रहा है,इससे माल डंप परिवहन सहित सभी कुछ अब तीसरी आंख की निगरानी में होगा, गौरतलब है कि अब तक रैक के समय पर खाली होने और प्लेटफार्म की मौजूदा स्थिति सब कुछ मैनुअली संचालित होती थी,मुख्य रूप से डैमरेज,वार्फेज में माल बाबुओं द्वारा पार्टियों से मिलकर रेल को क्षति पहुंचाते थे लेकिन अब यह सब कुछ आनलाइन होगा जिसकी मॉनिटरिंग अब खुद कंट्रोल बिलासपुर करेगा। इसके अलावा सीसीटीवी स्थापना का कार्य स्टेशन प्लेटफार्म सहित स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में होने से रेल परिसर में होने वाले अपराध काफी हद तक थमेंगे,स्टेशन के बाहर हाई क्वालिटी की सीसी टीवी कैमरे की स्थापना की गई है जो करीब दो सौ मीटर का एरिया अपनी चारों तरफ कवर करेगा जिससे स्टेशन का पूरा क्षेत्र अब सुरक्षित हो गया है।

### वर्तमान गुड शेड रैक पॉइंट में दो माह का लिया गया ब्लॉक

रेलवे रैक प्वाइंट में पिचिंग कार्य सहित अप्रोच सड़क निर्माण के लिए वर्तमान गुड शेड रैक प्वाइंट में दो माह का ब्लॉक लिया गया है जहां पिचिंग का कार्य आरंभ कर दिया गया है,वर्तमान में रैक प्वाइंट को स्टेशन के सामने दूसरी छोर में शिफ्ट किया गया है,स्टेशन के सामने चार नंबर लाइन में रैक प्लेस का कार्य दो दिन से आरंभ भी कर दिया गया है,बता दें कि छह दशक से अधिक पुरानी रेलवे रैक प्वाइंट में अब तक पक्की एप्रोच सड़क तक नहीं थी जिससे वाहनों के आवाजाही से उड़ने वाली धूल से आसपास के लोग परेशान रहते थे,इसके अतिरिक्त कच्ची प्लेटफार्म में माल उतारने व चढ़ाने में बारिश के दिनो में काफी असुविधा होती थी,साथ ही गुड्स क्लर्क, हमालों के लिए रेस्ट रुम का अब तक आभाव था,इन सभी कमियों व जरूरतों की एक साथ पूर्ति होने जा रही है।बता दें कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने माल लदान में चालू वित्त वर्ष में अब तक 20 हजार करोड़ का प्रारंभिक माल भाड़ा राजस्व सबसे कम समय अर्जित कर नया रिकॉर्ड बनाया है,जो गत वर्ष के मुकाबले तेरह दिन पहले और भारतीय रेलवे सबसे अधिक प्रारंभिक माल भाड़ा राजस्व देने वाला जोन बना है जिसका देश के रेलवे नेटवर्क में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का प्रारंभिक माल भाड़ा राजस्व में 17.56 प्रतिशत का योगदान रहा है।

## अम्बिकापुर-बरवाडीह का हो चुका है 12 से अधिक सर्वे

# सर्वेक्षण तक सिमटी सरगुजा की आधा दर्जन रेल परियोजनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- वर्ष 1935-36 में हुआ था प्रथम सर्वे, लगातार परियोजना की बढ़ रही दूरी एवं लागत



आवागमन की दृष्टि से बेहद पिछड़े सरगुजा के विकास को पंख लगाने आजादी के बाद से ही रेल परियोजनाओं से जोड़ने का खाका तैयार किया जा रहा है लेकिन दशकों का समय गुजरने के बावजूद अब तक कोई भी रेल परियोजना धरातल पर नहीं उतर पाई है। सरगुजा को महानगरों से जोड़ने की आधा दर्जन से अधिक रेल परियोजनाएं सर्वे तक सिमट कर रह गई है तथा किसी भी परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए अब तक कोई कारगर पहल नहीं हो सकी है।

सबसे पहले अंग्रेजों ने वर्ष 1936 में सरगुजा का कोयला परिवहन कराने के उद्देश्य से चिरमिरी-बरवाडीह रेल परियोजना का सर्वे कराया था। अपनी औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से तत्कालीन अंग्रेज सरकार ने इस परियोजना में रूचि ली तथा वर्ष 1946 में दूसरा सर्वे कराया। भूमि अधिग्रहण उपरांत परियोजनाओं का निर्माण भी प्रारंभ किया गया लेकिन परियोजना पूरी नहीं हो सकी। क्षेत्रवासियों की मांग एवं जनप्रतिनिधियों के दबाव में रेलवे समय-समय पर इस परियोजना का सर्वे कराते रहा है तथा अब तक इसके 12 से अधिक सर्वे हो चुके है तथा आगे भी सर्वे का क्रम जारी रहने की संभावना जताई जा रही है। खास बात है कि बरवाडीह की भागौलिक स्थिति में बदलाव नहीं हुआ है लेकिन हर बार के सर्वे में इस परियोजना की दूरी एवं लागत में वृद्धि हो रही है। प्रारम्भिक सर्वे में विश्रामपुर से बरवाडीह की दूरी 154 किमी एवं लागत 24 करोड़ रूपए प्रस्तावित की गई थी अब दूरी बढ़कर 262 किमी एवं लागत 20,000 करोड़ रूपए पहुंच गई है। जाहिर है कि इस परियोजना के सर्वे पर रेलवे लागत से अधिक राशि खर्च कर चुका है लेकिन न तो परियोजना के निर्माण में रूचि ले रहा है न ही इसे छोड़ ही रहा है। रेलवे द्वारा इस परियोजना का प्रथम सर्वे वर्ष 1935-36 में चिरमिरी-करंजी, प्रतापपुर के रास्ते कराया गया था। बाद में 1960-61 एवं 1978-79 में सर्वे हुआ जिसमें करंजी, विश्रामपुर के रास्ते इसकी दूरी 194 किमी तथा लागत 24 करोड़ थी। जबकि सर्वे पर 10.97 लाख खर्च हुए थे। रेल मंत्रालय द्वारा पुनः वर्ष 1983-84, 1997-98, 2003-04, 2007-08 एवं 2013-14 में सर्वे कराया गया। 2003-04 के सर्वे में अम्बिकापुर से इसकी दूरी 184 किमी एवं लागत 406.86 करोड़ वही 2013-14 में लागत बढ़कर 1137 करोड़ हो गई। वर्ष 2023 के सर्वे में इसकी 262 किमी एवं लागत 90300 करोड़ हो गई है। रेलवे अम्बिकापुर-बरवाडीह परियोजना का सर्वे कराने के बाद अब रामानुजगंज-गढ़वा रोड के सिंगल शाखा लाइन का सर्वे करा रहा है। गत वर्ष यह सर्वे बलरामपुर से कराया जा रहा था। हर सर्वे में परियोजना का क्षेत्र बदला जा रहा है। पूर्व में फाइनल सर्वे लोकेशन प्रोजेक्ट रिवैल्यूशन कमेटी एवं छग रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड परामर्शी ठेठा रिपोर्ट में इस परियोजना को अनुपयोगी एवं अलाभकारी बताया गया है जिसके कारण इस परियोजना से सर्वे से बाहर निकलने की संभावना नहीं है।

### अन्य परियोजनाएं भी लंबित

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने सरगुजा को महानगरों से जोड़ने के साथ ही यातायात सुविधाओं में विस्तार के उद्देश्य से वर्ष 2016 से अन्य कई परियोजनाओं का सर्वे एवं फाइनल लोकेशन सर्वे करा रही है। कुछ परियोजनाओं की रिपोर्ट रेलवे के पास वर्षों से लंबित हैं जबकि कुछ का अभी भी सर्वे चल रहा है। रेलवे ने 129 किमी लंबी अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल परियोजना को आवागमन एवं लाभ की दृष्टि से बेहतर माना है। दो वर्ष पूर्व इस परियोजना का फाइनल लोकेशन सर्वे पूर्ण हो गया है। अम्बिकापुर-कोरबा एवं 218 किमी लंबी सरदगा-पत्थलगांव-अम्बिकापुर रेल परियोजना का सर्वे अभी चल रहा है। पूर्व मध्य रेलवे भी विंढमगंज -अम्बिकापुर रेल परियोजना का सर्वे करा रही है। साल दर साल विभिन्न रेल परियोजनाओं के सर्वे पर रेलवे भारी भरकम राशि खर्च कर रहा है लेकिन किसी परियोजना को अब तक स्वीकृति नहीं मिल सकी है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी सर्वे के इस खेल को अपनी उपलब्धि बता रहे हैं।

### रेल सचिव से हुई चर्चा

लंबित रेल परियोजनाओं के संबंध में दो दिन पूर्व ही मैं रेल मंत्रालय के सचिव से मिला था। बरवाडीह रेल लाइन का सर्वे पूरा हो गया है। परियोजना से संबंधित कुछ तकनीकी जानकारी मंगाई गई है। परियोजना का कार्य प्रगति पर है।

-**चिंतामणि महाराज**, सांसद, सरगुजा

### सभी परियोजनाएं महत्वपूर्ण

सैकड़ों करोड़ का राजस्व देने वाले सरगुजा क्षेत्र में रेल सुविधाएं बढ़नी चाहिए। राजस्व के अनुपात में हमें सुविधाएं नहीं मिलती। माल ढुलाई के आंकड़े बेहतर दिखाने एवं रिकॉर्ड बनाने के लिए अनेक सर्वे एवं योजनाएं लगातार बन रही हैं लेकिन यात्री गाड़ी चलाने के लिए तरह-तरह के बहाने बनाए जा रहे हैं। अम्बिकापुर से गढ़वा रोड, पत्थलगांव और कोरबा को जोड़ने के लिए प्रस्तावित सभी रेल परियोजनाएं महत्वपूर्ण हैं।

-**मुकेश तिवारी**, सदस्य, क्षेत्रीय रेल परामर्शदात्री समिति

## मधुमक्खियों से बचने वृद्धा ने लगाई तालाब में छलांग, नहीं बची जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रिश्तेदार के साथ जंगल में लकड़ी लेने गई वृद्धा का मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जान बचाने के लिए वृद्धा तालाब में छलांग लगा दी। मधुमक्खियों से हमला से गंभीर हुई वृद्धा को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार पत्थलगांव निवासी गुड्डी पति लक्ष्मी दास वैष्णव (60 वर्ष) मंगलवार को देवरानी व जेठानी के साथ गांव के समीप जंगल में सूखी लकड़ी लेने गए थे। जैसे ही वृद्धा पेड़ समीप झाडी से सूखी लकड़ी निकाल रही थी तभी मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। देवरानी व जेठानी जमीन पर लेट गए जबकि मधुमक्खियों ने वृद्धा पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों से जान बचाने के लिए वृद्धा पास ही तालाब में छलांग लगा दी। कुछ समय बाद वृद्धा किसी तरह तालाब से निकली तो परिजन उसे घर लेकर आए। इधर मधुमक्खियों के काटने से वृद्धा की हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बीती रात वृद्धा की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### बेरिकेड से टकरा बाइक सवार, मौत

जशपुर क्षेत्र के नारायणपुर थाना अंतर्गत ग्राम बिलासपुर निवासी राकेश गुप्ता आ. केदार गुप्ता (23 वर्ष) बुधवार की शाम ग्राम सरबकोम्बो निवासी रिश्तेदार के यहां शादी पार्टी में शामिल होने गया था। इसी दौरान रात लगभग 11 बजे साहीडांड़ स्थित बैरिकेट से टकरा गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने तथा सीटी स्कैन कराने की सलाह देकर रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर शहर के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### बकाया वसूली के लिए विद्युत विभाग सख्त, काटे 52 कनेक्शन

**सलका अधिना।** विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत बकाया राशि नहीं पटाने वालों पर विद्युत विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। सलका डीसी सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले चंद्रपुर, सलका, चुनगढ़ी, बतरा फीडर पर चार टीम बनाकर बकाया वसूली का अभियान चलाया गया, जिसमें बकाया राशि जमा न करने पर विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई। 9 लाख 45 हजार राशि शेष वाले 52 कनेक्शन धारी के कनेक्शन काटे गए जबकि 25 और उपभोक्ताओं ने 1 लाख 60 हजार जमा कर अपना कनेक्शन काटने से बचा लिया। सभी उपभोक्ताओं को समय पर बकाया राशि जमा करने की नसीहत देते हुए कनेक्शन कटने से बचने की कार्रवाई से बचने की सलाह दी गई। इस कार्रवाई में एई प्रतापपुर अमर सिंह कंवर, जेई भैयाथान समय लाल बंजारे, भटगांव जेई संजय पटेल,जेई सलका गुलशन सहित पूरा विद्युत विभाग का अमला कार्रवाई में साथ रहे।

## पीसीबी क्रिकेट टूर्नामेंट, 13 दिनों तक चली प्रतियोगिता में 32 टीमों ने भाग लिया



**अम्बिकापुर।** आरआरवीयूएनएल की सामाजिक उत्तरदायित्व शाखा अदाणी फाउंडेशन और तारा ग्राम पंचायत के सहयोग से हाई स्कूल मैदान में दूसरा पीसीबी ट्रॉफी फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता 13 दिनों तक चली और इसमें सूरजपुर, सरगुजा और कोरबा जिलों की कुल 32 टीमों ने भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को खेलों के माध्यम से सकारात्मक विकास की ओर प्रेरित करना और कठिन परिस्थितियों में भी जीवन में मजबूती से खड़े रहने का संदेश देना था। ग्रैंड फिनाले में तारा पुलिस टीम और शिवनंदनपुर टीम के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। शिवनंदनपुर टीम विजेता रही, जिसे 1 लाख की नकद राशि और पीसीबी ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं तारा पुलिस टीम उपविजेता रही, जिसे 41 हजार की नकद राशि और रनर-अप ट्रॉफी दी गई। फाइनल मुकाबला देखने के लिए लगभग 400 से 500 दर्शक उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक भुल्लन सिंह मरावी,जिपं सदस्य श्रीमती नयन सिरदार, सरपंच श्रीमती संपतिया देवी, मुकेश कुमार चीफ ऑफ क्लस्टर अदाणी, बिपिन सिंह, विजय सिरदार, श्रीमती जीनेट परवीन, श्रीमती मिथिला बंजारा, बिशी सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एसईसीएल इंटर एरिया फुटबॉल 6 से, बिश्रामपुर टीम के लिए 16 खिलाड़ियों का चयन

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर द्वारा जारी वार्षिक स्पोर्ट्स कैलेंडर 2025-26 के अनुसार इस वर्ष का इंटर एरिया फुटबॉल टूर्नामेंट 6 दिसंबर से 10 दिसंबर तक चिरमिरी क्षेत्र के कुरसिया सब एरिया स्थित डोमनहिल ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है,टूर्नामेंट में बिश्रामपुर क्षेत्र की टीम ने खिलाड़ियों का चयन कर लिया है, जिसकी आधिकारिक सूची कार्यालय आदेश के रूप में जारी की गई है,ज्ञात हो कि इस बार बिश्रामपुर क्षेत्र से 16 खिलाड़ियों और एक कोच को प्रतिनिधित्व का मौका मिला है,इनमें खदानों से लेकर सर्वे,पंपिंग और मैकेनिकल विभाग तक विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारी शामिल हैं,टीम की कमान जखरियाश टोप्पो को कप्तान के रूप में सौंपी गई है,जबकि टीम के कोच की जिम्मेदारी रामबिहारी राम निभाएंगे,चयनित खिलाड़ियों में क्रमशः मनीलाल माइनिंग सरदार रेहर यूजी,गोविंद भगत माइनिंग सरदार बलरामपुर 10/12,सूरज कुमार जनरल असिस्टेंट गायत्री यूजी,भोला राम एसडीएल/एलएचडी हेल्पर,प्रदीप कुमार सर्वे मजदूर,राहुल,भुवन सिंह,सुरेश कुमार जनरल असिस्टेंट,पतरस सर्वे मज़दूर, दाऊ सिंह फोरमैन ऑक्ज,सतीश कुमार बारा ओवरमैन, पंकज सोरेन माइनिंग सरदार,सदारण पंप ऑपरेटर व अमन कुमार चुरेन्द्र असिस्टेंट मैनेजर माइनिंग को चयनित किया गया है,खिलाड़ियों को 1 से 5 दिसंबर तक फुटबॉल अभ्यास हेतु कार्यमुक्त किया गया है,वहीं 6 से 10 दिसंबर तक चिरमिरी स्थित कुरसिया सब एरिया में आयोजित होने वाले इंटर एरिया फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमति दे दी गई है।

## डेढ़ करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का केबिनेट मंत्री ने किया भूमि पूजन



**बिश्रामपुर/सूरजपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े गुरुवार को मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में आयोजित विकास कार्यों के भूमि पूजन कार्यक्रमों में शामिल हुईं।

इस दौरान उन्होंने ग्रामीण अवसंरचना को सुदृढ़ करने हेतु स्वीकृत कुल 157.34 लाख रुपए की लागत वाले निर्माण कार्यों की नींव रखी, मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने ग्राम पंचायत कसकेला में 26.05 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क और नाली निर्माण, ग्राम पंचायत सिलफिली में 76.74 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण,ग्राम पंचायत गणेशपुर में 37.48 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क एवं नाली निर्माण तथा ग्राम पंचायत करमपुर में 17.07 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया, इस दौरान मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई गति देने वाली एक महत्वपूर्ण योजना है,इसके माध्यम से सड़क,नाली और अन्य बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है,जिससे न केवल आवागमन में सुगमता आएगी बल्कि गांवों में स्वच्छता और जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

## समिति उमेश्वरपुर में अब तक 8100 क्विंटल धान की हुई खरीदी

# सूरजपुर एवं ओड़गी के एसडीएम ने किया धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



जिले में धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित हो, इसका निरीक्षण करने हेतु कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में एसडीएम सूरजपुर एवं एसडीएम ओड़गी द्वारा विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

एसडीएम सूरजपुर सुश्री शिवानी जायसवाल ने धान खरीदी केंद्र पहुंचकर संपूर्ण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, तौल प्रक्रिया, टोकन व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। वहीं एसडीएम ओड़गी अजय मोड़ीयम द्वारा धान खरीदी केंद्र समिति उमेश्वरपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि समिति में अब तक 8100 क्विंटल धान का क्रय किया जा चुका है और किसानों के लिए पर्याप्त बारदाना उपलब्ध है। उन्होंने धान खरीदी में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### प्रशासन की सतत निगरानी से 429 बोरी अवैध धान जब्त



**रामानुजगंज।** जिले में अवैध धान परिवहन पर प्रभावी रोकथाम के लिए प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके अंतर्गत रामचन्द्रपुर में 62 बोरी एवं विकासखण्ड बलरामपुर अंतर्गत ग्राम जमुआटांड में 367 बोरी अवैध धान जब्त किया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आनंद राम नेताम के मार्गदर्शन में रामचंद्रपुर में झारखंड से अवैध रूप से धान ला रही एक पिकअप वाहन को लगभग 2 किलोमीटर पीछा कर प्रशासनिक दल ने पकड़ा। प्रशासनिक टीम ने रामचंद्रपुर के समीप एक पिकअप वाहन को रुकने का संकेत दिया गया, किंतु चालक वाहन को तेज गति से भगाकर फरार होने का प्रयास करने लगा। जिस पर राजस्व एवं पुलिस टीम द्वारा लगभग 2 किलोमीटर की भाग दौड़ के के बाद 1 पिकअप वाहन जिसमें 62 बोरी अवैध धान लोड था को जब्त किया और तत्काल रामचंद्रपुर थाना में सुपर्द कर दिया गया। विकासखण्ड बलरामपुर अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा ग्राम जमुआटांड़ निवासी रामप्रवेश के घर में 167 बोरी तथा जेपी गुप्ता के गोदाम से 200 बोरी अवैध धान जब्त किया गया। जिला प्रशासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को सुरक्षित और पारदर्शी बनाए रखने के लिए अवैध भंडारण एवं परिवहन पर सतत निगरानी रखते हुए कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने किसानों एवं आम नागरिकों से कहा है कि किसी भी संदिग्ध वाहन या परिवहन, भण्डारण की सूचना तुरंत दें।

### सड़क मरम्मत में ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही जिपं सदस्य ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

**मदनपुर।** एनएच 43 पर सिलफिली से काली घाट तक पेच रिपेयरिंग का कार्य में बरती जा रही लापरवाही और हो रहे घटिया निर्माण को लेकर जिला पंचायत सदस्य ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा तथा गुणवत्ता युक्त सड़क निर्माण कराने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर ग्रामीणों के साथ आंदोलन करने की चेतावनी दी है। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने बताया है कि ग्रामीणों की सूचना पर मौके का निरीक्षण किया तो पाया कि मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री घटिया है। नियमों का उल्लंघन करते हुए रात्रिकाल में कार्य किया जा रहा है, जिससे काम की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। सड़क पर गड्ढे भी नहीं भरे जा रहे, जिससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई करने तथा पेच रिपेयरिंग कार्य गुणवत्तापूर्ण किए जाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### हिन्दू सम्मेलन आज तैयारियां अंतिम चरण में

**पत्थलगांव।** नगर के इतिहास में पहली बार एक भव्य, दिव्य और विशाल "हिन्दू सम्मेलन" का आयोजन 6 दिसंबर, शनिवार को मैरिज गार्डन में किया जा रहा है। दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं और नगर भर में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, विशाल शोभायात्रा, तथा धर्म, संस्कृति एवं समाज के उत्थान से जुड़े विषयों पर विशेष परिचर्चाएँ आयोजित की जाएँगी। इसके अतिरिक्त प्रेरणादायी वक्तृत्व, आध्यात्मिक प्रवचनों एवं देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार इस सम्मेलन का उद्देश्य समाज में धर्म-जागरण, सांस्कृतिक संरक्षण और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है। बड़ी संख्या में नगरवासी, धर्मप्रेमी, बच्चे और वरिष्ठजन इस कार्यक्रम में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं।

### लोईंग में अमानक धान खपाने की थीं तैयारी

**रायगढ़।** 3 दिसंबर को लोईंग धान उपार्जन केंद्र में महापल्ली के किसान राजेन्द्र कुमार अग्रवाल पिता महेश राम अग्रवाल द्वारा जारी टोकन के माध्यम से दो ट्राली में लगभग 42 क्विंटल खुला धान बिक्री के लिए लाया गया था। केंद्र के अधिकृत प्राधिकारी ने धान की मानक जांच किया तो वह अमानक गुणवत्ता का मिला। धान की गुणवत्ता अमानक होने पर समिति द्वारा किसान को सूचित किया गया। ऐसा धान समिति में विक्रय योग्य नहीं है। समझाइश के दौरान केंद्र में मौजूद स्थानीय ग्रामीण मनोज प्रधान पिता कालिया प्रधान, ग्राम लोईंग द्वारा धान प्रक्रिया में संलग्न अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार करने की सूचना प्रशासन को मिली। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मनोज प्रधान के विरुद्ध बीएनएसएस के प्रावधानों के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए बंधपत्र निष्पादन की कार्रवाई की कई।

### जिले में 76.75 लाख का 2476 क्विं अवैध धान जब्त

**सारंगढ़।** जिले में धान की अवैध खरीदी-बिक्री की रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस वर्ष 03 दिसम्बर तक राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि उपज मंडीए सहकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिले में कुल 76.75 लाख का 2 हजार 476 क्विंटल धान जब्त किया गया है। राज्य शासन की मंशानुरूप केवल वास्तविक एवं पात्र कृषकों के वास्तविक रकबे के आधार पर ही धान खरीदी हो सके।

### 9 दिसंबर तक कर सकते हैं दावा आपत्ति

**रायगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर, रायगढ़ में विभिन्न पदों पर सेवा प्रदाता के चयन प्रक्रिया जारी है। सेंटर संचालन के लिए पैरालिगल कार्मिक वकील 01 पद, पैरामेडिक कार्मिक 01 पद तथा सुरक्षा गार्ड नाइट गार्ड 03 पद के लिए पूर्व में जारी विज्ञापन के आधार पर प्राप्त आवेदनों की पात्रता सूची प्रकाशित कर दी गई है। आवेदक अपने दावा.आपत्ति 9 दिसंबर तक कार्यालयीन समय में सीधे कार्यालय में या रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

### जिपं सीईओ ने की स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा

**रायगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिले को ओडीएफ प्लस बनाने के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे ने स्वच्छता संबंधी योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण की प्रगति, जियो.टैगिंग, डीबीटी भुगतान, हमारा शौचालय हमारा भविष्य अभियान में नामांकन, सामुदायिक शौचालयों के अधूरे कार्य, ओडीएफ प्लस गतिविधियों, डोर टू डोर कचरा संग्रहण, शुल्क वसूलीए प्लास्टिक व ठोस कचरा प्रबंधनए एफएसटीपी एवं पीडब्ल्यूएमयू संयंत्रों की कार्यशीलता सहित प्रमुख बिंदुओं पर समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।

---

**अभ्यर्थियों को 2 घंटे पहले पहुंचना होगा केंद्र** — हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा में होना होगा उपस्थित

# जल संसाधन विभाग की अमीन भर्ती परीक्षा कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- आधे घंटे पहले परीक्षा केन्द्र का गेट हो जाएगा बंद
- जशपुर जिले के 12 परीक्षा केंद्रों में 4717

व्यापम द्वारा जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा का आयोजन 7 दिसम्बर को राज्य के 16 जिलों में किया जा रहा है। इस परीक्षा में लगभग 2 लाख 30 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। यद्यपि परीक्षा का आयोजन 16 जिलों तक सीमित है, किन्तु इसमें राज्य के सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी सम्मिलित हो रहे हैं। जशपुर जिले के 12 निर्धारित परीक्षा केंद्रों में 4717 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। अभ्यर्थियों की सुविधा एवं परीक्षा संचालन की सुचारु व्यवस्था के लिए व्यापम द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है। परीक्षा के लिए जारी निर्देशों के अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा से एक दिन पूर्व अपने आवंटित परीक्षा केंद्र का अवलोकन अवश्य कर लेना चाहिए, ताकि परीक्षा दिवस पर किसी प्रकार की असुविधा न हो।

अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य किया गया है, जिससे उनकी सुरक्षा जांच (फ्रिस्किंग) एवं फोटोयुक्त मूल पहचान-पत्र से सत्यापन में कोई बाधा न आए। परीक्षा प्रारंभ होने के तीस मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा, अतः अभ्यर्थियों को यह ध्यान रखना होगा कि परीक्षा प्रातः 12 बजे आरंभ होने के कारण केंद्र का मुख्य द्वार प्रातः 11:30 बजे बंद हो जाएगा। वस्त्र संबंधी निर्देशों के अनुसार अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बाँह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा में उपस्थित होना है। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी अथवा गहरे चॉकलेटी रंग के वस्त्र पहनना वर्जित रहेगा। केवल साधारण बिना पॉकेट वाला स्वेटर पहनने की अनुमति होगी, जिसे सुरक्षा जांच के दौरान उतारकर जांच करवानी होगी। धार्मिक अथवा सांस्कृतिक पोशाक धारण करने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में सामान्य समय से अधिक पहले पहुंचना होगा, क्योंकि उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने के बाद ही परीक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थियों के लिए फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहनने की अनुमति होगी, जबकि कान में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना पूर्णतः प्रतिबंधित है। परीक्षा कक्ष में संचार उपकरण, किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना भी पूरी तरह से वर्जित रहेगा। परीक्षा के दौरान किसी भी अनुचित साधन का प्रयोग पाए जाने पर संबंधित अभ्यर्थी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा उनकी अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी। अभ्यर्थियों को केवल काले या नीले बॉल-पॉइंट पेन ही साथ लाने की अनुमति होगी।

---

**हरियाणा के छात्रों ने किया जशपुर का दौरा**

# खाद्य प्रसंस्करण हब बनने की ओर जशपुर



दौरे के दौरान जानकारी लेते हरियाणा के छात्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान कुंडली हरियाणा की 18 यूजी व पीजी छात्रों और 2 संकाय सदस्यों की टीम ने अपने प्रतिष्ठित ग्राम अंगीकारण कार्यक्रम के तहत 19 से 27 नवंबर 2025 तक लगातार तीसरे वर्ष जशपुर का दौरा किया। निफ्टेम ने 2023 में जशपुर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार कृषि, बागवानी और वन उत्पादों विशेषकर महुआ के खाद्य प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन को बढ़ावा देने की दिशा में अपनी गतिविधियां प्रारम्भ की थीं। टीम ने समूह, एफ़पीओ और खाद्य प्रसंस्करण हितधारकों से मिलकर गुणवत्ता, सुरक्षा, विनियमन और उद्यमिता से संबंधित जानकारी साझा की।

2025 जशपुर में खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण की आधारशिला मजबूत हुई वर्तमान वर्ष में टीम ने कुशल मानव संसाधन तैयार करने हेतु विविध प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए। कुंकुरी स्थित कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन में एक फूड प्रोसेसिंग ट्रेनिंग एवं इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किया गया, जहां युवाओं को मोटे अनाज आधारित बेकरी उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। वीअपी टीम द्वारा स्व सहायता समूह एवं एफपीओ सदस्यों तथा युवाओं के लिए मोटे अनाज से मूल्यवर्धित उत्पादों पर तीन व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त, सुजी आधारित पास्ता निर्माण, पैकेजिंग, लेबलिंग, ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग पर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कुल 96 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिनमें 65 प्रतिशत महिलाएं सम्मिलित रहीं।

**जशपुर फसलों और अवसरों का समृद्ध भंडार**

जशपुर की जलवायु एवं भौगोलिक विविधता में अच्छी फसलों का उत्पादन होता है। जहां धान, कोदो-कुटकी, रागी, सेब, नाशपाती, स्ट्रॉबेरी, काजू, कटहल, अदरक, हल्दी, नींबू, चाय और महुआ जैसी फसलों के लिए अत्यंत उपयुक्त बनाती है। खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से इन अतिरिक्त उत्पादों को दीर्घ शेल्फ लाइफ, सुरक्षित प्रसंस्करण, और मूल्यवर्धित खाद्य उत्पादों—जैसे स्नैक्स, नाश्ते के अनाज, एनर्जी बार और रेडी-टू-ईट व कुक उत्पाद—में बदला जा सकता है। जिला प्रशासन द्वारा सभी ब्लॉकों में खाद्य प्रसंस्करण अवसंरचना के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। निफ्टेम का वीएपी कार्यक्रम ग्रामीण समुदायों को तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और उद्यमिता विकास प्रदान कर इस प्रयास को सशक्त बना रहा है।


### महुआ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस निफ्टेम टीम द्वारा सराहना

अपने दौरे के दौरान निफ्टेम टीम ने महुआ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का भी दौरा किया, जहां महुआ फूल से तैयार किए गए विभिन्न नवाचारपूर्ण मूल्यवर्धित उत्पादों जैसे महुआ चवनप्राश,महुआ टी, महुआ आधारित स्नैक्स तथा अन्य प्रयोगात्मक खाद्य उत्पाद के विकास कार्य को विस्तार से समझा। टीम ने उत्पादों की गुणवत्ता, संगत प्रसंस्करण विधि, पैकेजिंग की स्वच्छता एवं प्रस्तुति तथा महुआ के आधुनिक फूड-ग्रेड उपयोग की विशेष रूप से सराहना की। महुआ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जिला प्रशासन जशपुर द्वारा प्रारम्भ किया गया एक छोटा लेकिन महत्त्वपूर्ण प्रसंस्करण केंद्र है, जिसे वर्तमान में जय जंगल द्वारा संचालित किया जा रहा है। यह केंद्र जिले में कोदो, कुटकी, रागी और महुआ के प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन में सक्रिय भूमिका निभा रहा है और स्थानीय महिला समूहों के लिए वास्तविक कौशल एवं आय-वृद्धि का केंद्र बन चुका है। वीएपी कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे प्रो. प्रसन्ना कुमार ने जशपुर की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया उन्होंने जिला कलेक्टर श्री रोहित व्यास, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, एनआर एएलएम मिशन मैनेजर विजय शरण प्रसाद, तथा जय जंगल एफपीसी के निदेशक समर्थ जैन के योगदान को रेखांकित किया। निफ्टेम निदेशक डॉ. हरिंदर सिंह ओबेरॉय ने वीएपी को छत्तीसगढ़ में उभरते खाद्य प्रसंस्करण पारिस्थितिकी तंत्र का आधार बताते हुए इसकी गतिविधियों को और अधिक क्षेत्रों तक विस्तार देने की आवश्यकता पर बल दिया। इस समग्र विश्लेषण के आधार पर तैयार की गई विस्तृत "जशपुर खाद्य प्रसंस्करण विकास रिपोर्ट" आज जिला प्रशासन को औपचारिक रूप से प्रस्तुत की गई।

---

# सड़क निर्माण में नहीं किया जा रहा नियमों का पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव



शहर की बदहाल सड़क को बनाना तो शुरू किया गया पर सड़क की गुणवत्ता एकदम खराब है। रात के अंधेरे में पत्थलगांव राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पुरन तालाब से बस स्टैंड के तरफ की सड़क को बनाना शुरू तो कर दिया गया पर सड़क बनाने तय मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है।

शुक्रवार की सुबह सबेरे आनन फानन में ठेकेदार के द्वारा रात में सड़क बनाने के मटेरियल को सड़क में बिछाकर निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है। रात के बचे हुए डामर के मटेरियल को सड़क बनाने में यूज नहीं किया जा सकता है। उस डामर मटेरियल को प्लांट में बनाने से लेकर उसे सड़क में डालने के नियम कायदे हैं। अगर उसका ध्यान नहीं रखा गया तो सड़क की गुणवत्ता एकदम बेकार हो जाती है। वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन यादव ने कहा कि सड़क बनाने के कार्य मे गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। जहां आम लोगों के लिए बड़ी मुश्किल से सड़क बनती हुई दिखी जरूर पर इस तरह बड़े बड़े डामर के टिल्हे को देख कर समझा जा सकता है कि सुबह ही सभी बेकार मटेरियल को सड़क बनाने के कार्य में उपयोग किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन एवं सबंधित विभाग का इंजीनियर को खड़े होकर गुणवत्ता पूर्वक कार्य कराने की आवश्यकता थी। जिला कलेक्टर रोहित ब्यास से राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पूरन तालाब से शहर के तरफ की सड़क रिपेयरिंग में ठेकेदार द्वारा रिपेयरिंग में लापरवाही बरतने एवं सबंधित विभाग जे इंजीनियर के नहीं होने की जानकारी देने पर उन्होंनें कहा कि मैं तुरन्त एनएच विभाग के अधिकारी को निर्देशित करता हूं कि सड़क रिपेयरिंग में किसी तरह की गुणवत्ता में कमी न होबे पाए। राष्ट्रीय राजमार्ग 43 केसी जेपी तिग्गा ने कहा कि वो रात का डामर मटेरियल खराब हो चुका होता है उसे सड़क रिपेयरिंग के काम में उपयोग नहीं किया जाता है। जहां काम किया गया है। उसको फिर से बनाने और उसका पेंमेंट नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग का इंजीनियर खड़ा होकर ठेकेदार से कार्य करवाएगा।

---

## विधानसभा से संबंधित प्राप्त पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करने नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

- अधिकारी और कर्मचारी बिना अवकाश स्वीकृति के अवकाश में जाने पर होगी कार्यवाही

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ विधान सभा की षष्ठम-विधानसभा का सप्तम सत्र 14 से प्रारंभ होकर 17 दिसम्बर 2025 तक आहूत है।

कलेक्टर श्री रोहित व्यासा ने विधान सभा से संबंधित प्राप्त पत्रों पर त्वारित कार्यवाही करने हेतु नोडल और सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। इनमें डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा को नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही कलेक्टर श्री व्यास ने उक्त अवधि में प्राप्त होने वाले तारांकित और अतारांकित विधान सभा प्रश्नों, स्थगन, शून्यकाल, आश्वासनो, ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प, याचिका आदि तथा लोक लेखा समिति से संबंधित पत्राचार व जानकारी निर्धारित समयावधि में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। जिसके अनुसार जिले के समस्त विभागों में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी विधान सभा सत्र के दौरान सक्षम प्राधिकारी की पूर्वानुमति के बिना न ही अवकाश पर रहेंगे और न ही मुख्यालय त्यागेंगे। बिना अवकाश स्वीकृति के अवकाश में प्रस्थान करने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी सहित उनके कार्यालय प्रमुख दिम्मेदार रहेंगे।

## 8 से स्मार्ट इंडिया हैकथॉन हार्डवेयर एडिशन ग्रैंड फिनाले का होगा आयोजन

**तमनार।** ओपी जिंदल विश्वविद्यालय में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन हार्डवेयर एडिशन के ग्रैंड फिनाले का आयोजन 08 से 12 दिसंबर के बीच किया जाएगा। इस दौरान पूरे भारत से चयनित 20 टीमें और 120 प्रतिभागी, 30 एक्सपर्ट मेंटर्स के मार्गदर्शन में अपनी तकनीकी दक्षता और नवाचार क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। स्मार्ट इंडिया हैकथॉन भारत का सबसे बड़ा ओपन इनोवेशन मॉडल है, जो छात्रों को उद्योगों और सरकारी संस्थानों द्वारा प्रस्तुत वास्तविक समस्याओं के लिए नवीन समाधान विकसित करने हेतु प्रेरित करता है। यह मंच देशभर के हजारों विद्यार्थियों को अपने नवाचारों को वास्तविक उपयोग और व्यावहारिक अनुप्रयोग तक पहुँचाने का अनूठा अवसर प्रदान करता है।

---

**सालों से टपकती छत और असुरक्षा से मिली मुक्ति**

# हजारों परिवारों को मिला नया पक्का घर






हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- 2016 से अब तक 1.12 लाख से अधिक प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना स्वीकृत, लगभग 83 हजार मकानों का निर्माण पूर्ण

खपरे की छत, बारिश में टपकता पानी, सर्प-बिच्छुओं का खतरा और आर्थिक तंगी इन समस्याओं के बीच वर्षों तक ग्रामीण परिवार पक्के आवास का सपना संजोए बैठे थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीबों को सुरक्षित और पक्का आवास प्रदान करने के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना लागू हुई, जिसने देशभर के लाखों परिवारों के जीवन में स्थायी परिवर्तन लाया है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने प्रथम कैबिनेट में ही 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों को मंजूरी प्रदान की थी। जिसका क्रिनावयन तेजी से प्रदेश में किया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का तेजी से हो रहा क्रियान्वयन

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर रायपुर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली 13,000 हितग्राहियों को नए घरों का महागृह प्रवेश कराया। यह उन परिवारों के लिए वर्षों पुराने सपने के पूरे होने जैसा क्षण था, जो लगातार कच्चे मकान की दिक्कतों से जूझ रहे थे। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 2016 से वित्तीय वर्ष 2025- 26 तक 1,12,506 आवास स्वीकृत हुए, जिनमें से 82,881 मकान पूर्ण हो चुके हैं। इसी तरह वर्ष 2024 से वित्तीय वर्ष 2025- 26 तक स्वीकृत 50,722 आवासों में से 23,970 का निर्माण पूरा हो गया है। पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 2,038 आवास स्वीकृत हुए, जिनमें से 984 मकान पूर्ण कर लिए गए हैं।

### गरीबों को सपना हो रहा सच, मिल रहा पक्का आवास

जिले में निवासरत हजारों गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पक्का मकान प्रदान किया गया है, जिससे वे सम्मानपूर्वक और सुरिक्षत जीवन जी रहे हैं, इनमें से मनोरा विकासखंड के ग्राम बुमतेल के लखन उरांव वर्षों तक कच्चे मकान में रहते थे। बरसात में छत से पानी टपकना, तेज हवा-ठंड में बच्चों को सुरक्षित रखना और बार-बार मरम्मत करवाना उनकी रोजमर्रा की समस्या थी। प्रधानमंत्री आवास योजना से मिला पक्का घर उनके लिए राहत की सांस लेकर आया। समय पर निर्माण पूरा होने के बाद आज उनका परिवार सुरक्षित, स्थायी और सम्मानजनक घर में रह रहा है। इसी तरह ग्राम बाधरकोना के मणिभूषण मिंज बताते हैं कि पक्का मकान मिलने से उनका जीवन पूरी तरह बदल गया। बरसात में दीवारें गीली होने का डर, छत से पानी टपकना और सांप-बिच्छुओं से खतरा अब नहीं रहा। अब उनका परिवार नए घर में सुरक्षित और खुशहाल जीवन जी रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाली विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं। कड़ाके की ठंड और विषैले जीवों के खतरे के बीच कच्चे घरों में रहना बेहद कठिन था। पक्का आवास मिलने के बाद इन परिवारों ने पहली बार सुरक्षित और स्थायी जीवन का अनुभव किया है। इनमें से बगीचा विकासखंड के ग्राम पंड्रापाठ के श्री पहारु राम को पीएम जनमन योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृत हुआ। समय पर राशि और सामग्री मिलने से उनका घर शीघ्र तैयार हो गया। पहारु राम कहते है यह घर हमारे लिए जीवन की सबसे बड़ी खुशी है। अब मेरा परिवार मौसम की मार से सुरक्षित है। यह सिर्फ मकान नहीं, सुरक्षा और सम्मान की नई पहचान है।

---

**प्राकृतिक और अन्य आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की दी गई जानकारी**

# सेजेस पतराटोली में एनडीआरएफ की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- एनडीआरएफ की टीम ने दिया प्रशिक्षण






दुनिया भर में, यहां तक कि भारत में भी, कई तरह की आपदाएँ आ रही हैं। कई लोग इसलिए नहीं मरते क्योंकि आपदा बहुत भयानक थी, बल्कि जागरूकता की कमी के कारण भी उनकी मृत्यु होती है। लोगों की जान न जाए, इसलिए आज एक ऐसा कार्यक्रम संचालित किया गया, जिस से छोटे-छोटे बच्चों के बीच जागरूकता फेलाई जा सके।

स्वामी आत्मानंद इंगलिश मीडियम स्कूल पतराटोली में एनंडीआरएफ की टीम द्वारा आज का जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। जागरूकता कार्यक्रम में एनडीआरएफ इंस्पेक्टर बरुण कुमार, सब इंस्पेक्टर बहादुर सिंह तथा एनडीआरएफ की टीम मौजुद थी। उनके द्वारा बच्चों, शिक्षकों और वहां उपस्थित व्यक्तियों को विभिन्न प्रकार के घटित होने वाली आपदा जैसे - भूकंप, बिजली गिरना, गरजना, और साथ ही जैविक स्थितियां जैसे दिल का दौरा, शरीर के किसी भाग में चोट लग जाना, गले में कुछ फंस जाना। ऐसी स्थिति में दूसरे की जान कैसे बचाये , उसके विषय में बताया गया। कार्यक्रम में तकनीकों के उपयोग के विषय में भी बताया गया। अंत में साइबर सुरक्षा और डिजिटल डिटॉक्स जैसे मुद्दे पर भी प्रकाश डाला गया। कक्षा दसवीं की छात्रा अनन्या गुप्ता से बात करने पर उन्होंने बताया कि कार्यक्रम से उन्हें आपदाओं के विषय में बहुत सी जानकारियां मिली। प्राकृतिक आपदाओं या अन्य प्रकार की आपदा के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी मिलना एक नए आत्मविश्वास को प्राप्त करने जैसा रहा। बीईओ हेमंत कुमार नायक, एबीईओ नरेश चौहान और सेजेस प्राचार्य डेनियल लकड़ा के मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र का संचालन व्याख्याता व्ही एक्का तथा समापन सत्र का संचालन श्री एम के विद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त विद्यार्थी एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

